## खबर संक्षेप



### भैसों के क्रूरतापूर्वक परिवहन पर ट्रक जब्त, 3 आरोपित गिरफ्तार

**बरही।** ट्रक से भैंसों का क्रूरतापूर्वक परिवहन करने पर खितौली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ट्रक के जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर भैंस से लोड ट्रक खितौली पुलिस ने पकड़ा। ट्रक शहडोल उमरिया तरफ से आ रहा था और तिरपाल लगाये हुये था। खितौली पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक को रोककर पूछताछ की गई और तिरपाल खोलकर देखा गया तब पता चला की 30 नग भैंस पड़ा को क्रुरता पूर्वक ठूसकर ट्रक में भरकर परिवाहन कर सतना की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक क्रमांक NL 01 Aj 0964 को जब्त कर लिया है। भैंस एवं पाड़ो सहित भैंसों को कांजी हाउस हर्रेई में सुरक्षित रखा है। एक पड़ा व एक भैंस की ट्रक में मृत्यु हो गई थी जबकि 28 नग भैंस पड़ा सुरक्षित है। ट्रक चालक व क्लीनर एक अन्य के खिलाफ तीन लोगों के उपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खितौली ऋषभ सिंह बघेल प्रधान आरक्षक सीताराम वर्मा आरक्षक आशीष पटेल अंकित बड़गैया दिलीप कोल सैनिक ब्रजेश सिंह की अहम भूमिका रही।

### टोला में गेहूं खरीदी केंद्र पुनः शुरू करने की मांग

**उमरियापान।** भारतीय किसान संघ तहसील ढीमरखेड़ा ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम निधि गोहल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देवरी मंगेला सहकारी समिति अंतर्गत टोला केन्द्र में शासकीय गेहूं खरीदी केंद्र को पुनः चालू किए जाने की मांग उठाई है। किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने बताया कि पूर्व में भी देवरी मंगेला समिति के टोला में गेहूं खरीदी केंद्र संचालित होता था, जिससे क्षेत्र के किसानों को सुविधा मिलती थी। पिछले 3-4 वर्षों से धान एवं गेहूं दोनों के खरीदी केंद्र बंद कर दिए गए थे। लेकिन बीते 2 वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद ने टोला में धान खरीदी केंद्र को पुनः प्रारंभ कराया, किन्तु गेहूं खरीदी केंद्र अभी तक चालू नहीं किया गया है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं खरीदी केंद्र बंद होने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूरस्थ केंद्रों तक जाना पड़ता है,जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार का नुकसान हो रहा है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि किसान हित में टोला में गेहूं खरीदी केंद्र शीघ्र पुनः शुरू किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### केंद्रीय विद्यालय झिन्झरी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केंद्रीय विद्यालय झिन्झरी में कक्षा-1 के साथ-साथ अन्य उच्च कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यालय प्रचार्य ने बताया कि कक्षा-1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 2 अप्रैल तक किया जा सकता है। अभिभावक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मार्च तक कम से कम 6 वर्ष होनी चाहिए। सीटों का आरक्षण केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के प्रवेश दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। जबकि कक्षा 2 और उससे ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश केवल ऑफलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे, बशर्ते सीटें रिक्त हों। इसके लिये 2 अप्रैल सुबह 10 बजे से 8 अप्रैल शाम 4 बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है। अभिभावकों को विधिवत भरा हुआ फॉर्म सीधे विद्यालय के प्राचार्य कार्यालय में जमा करना होगा। यदि जांच के दौरान आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी गलत या भ्रामक पाई जाती है, तो प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

## रपटा नाला की शासकीय भूमि से हटाया कब्जा, दो दिनों तक चली कार्यवाही

# भू-माफिया के रसूख पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, अतिक्रमण हुआ जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में मंगलवार और बुधवार को दो दिनों तक राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम खिरहनी पटवारी हल्का नं. 28 स्थित रपटा नाला की शासकीय भूमि पर कब्जा कर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी और पोकलेन मशीन चलाकर अतिक्रमण को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्टर न्यायालय द्वारा जारी आदेश में एसडीएम कटनी को रपटा नाला के अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया था। इसी के पालन में अधिकारियों के दल ने पहुंच कर अवैध कब्जा कर बनवाई गई बाउंड्री वॉल के निर्माण को जमींदोज कर दिया।

राजस्व निरीक्षक मंडल मुड़वारा 1 तहसील कटनी नगर स्थित खसरा नंबर 442 में नाले पर प्रवीण कुमार बजाज द्वारा नाले पर





किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अधिकारियों द्वारा यह कार्यवाही कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में की गई है।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार कटनी अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार संदीप सिंह, नायब तहसीलदरार साक्षी शुक्ला, नायब तहसीलदार अवंतिका तिवारी एवं पटवारी व राजस्व निरीक्षक के अलावा नगर निगम के अतिक्रमण दल प्रभारी मानवेन्द्र सिंह बघेल, अतिक्रमण दस्ता के सदस्य और पुलिस थाना एनकेजे के थाना प्रभारी श्री राजपूत एवं पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

### विस्तृत जांच कर 15 दिन में जांच प्रतिवेदन करें प्रस्तुत

वर्ष 1907-08 के मिसल अभिलेख में खसरा नंबर 442 को "शासकीय पानी मद" और "नाला" के रूप में दर्ज पाया गया है। इसके बावजूद वर्तमान में यह भूमि निजी स्वामित्व में दर्ज कैसे हो गई, इसका कोई वैध अभिलेख उपलब्ध नहीं है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रमोद कुमार चतुर्वेदी (एसडीएम कटनी) को 15 दिन के भीतर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



## कक्षा पांचवीं का 96.06 एवं 8वीं का 95.37 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा बुधवार को बोर्ड कक्षा 5 वी ओर 8 वी का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। बुधवार को 11:30 बजे जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ विद्यार्थियों ने अपने -अपने परीक्षा परिणाम को जानने उत्सुकता दिखी। विद्यार्थियों ने मोबाइल मे तों ऑनलाइन दुकानों मे जाकर अपने परीक्षा परिणाम देखे !उत्तीर्ण होने के बाद अपने माता -पिता, परिजनों ओर रिश्तेदारों को जानकारियां दी जिसके बाद बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों का मुंह मीठा कराया।

बहोरीबंद विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा व बीएसी अमित पांडेय ने परीक्षा परिणाम देखा। बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि 5 वी व 8 वी बोर्ड के परीक्षा परिणाम राज्य स्तर से पहले जिला वार फिर विकासखंड वार विस्तृत जानकारी जारी की गई। बहोरीबंद विकासखंड का 5 वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 96.06 प्रतिशत ओर 8 वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 95.37 रहा।

बहोरीबंद विकासखंड मे कक्षा 5 वी मे 3889 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें परीक्षा मे 3680 परीक्षार्थी शामिल हुए ओर 3535 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वही 8 वी कक्षा मे 3474 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें परीक्षा मे 3112 विद्यार्थी शामिल हुए ओर 2968 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। बीआरसी ने इस उपलब्धि पर विकासखंड के सभी शिक्षको ओर विद्यार्थियों को बधाई दी।

## टीईटी के विरोध में सड़कों पर उतरे हजारों शिक्षक, सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

*सीएम के नाम ज्ञापन सौंप टीईटी को वापस लेने की गई मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

वर्षों से सेवारत शिक्षकों पर सशर्त टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, बड़वारा, कटनी, रीठी, बरही, विजयराघवगढ़ के संघर्षरत शिक्षक तथा मातृशक्तियाँ एकत्रित हुईं। जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आदेश निरस्त करने की मांग की गई। टीईटी संघर्ष समिति / राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी ने बताया कि शासन-प्रशासन सदैव उस समय के प्रचलित नीति-नियमों के आधार पर संचालित होता है। ऐसे में 12 से 15 वर्ष बाद बने नियमों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्यायसंगत नहीं है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि विरोध परीक्षा का नहीं, बल्कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को अपात्र एवं अयोग्य ठहराए जाने का है।उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून 2010 में लागू हुआ तथा पहली टीईटी परीक्षा 2011 में आयोजित हुई। ऐसे में 1998 से 2010 तक नियुक्त शिक्षकों पर 2011 के नियम लागू करना तर्कसंगत नहीं है, जबकि उनकी नियुक्तियाँ तत्कालीन वैधानिक नियमों के आधार पर शासन द्वारा की गई थीं। ऐसे आदेश शिक्षकों के स्वाभिमान,सम्मान और सेवाकालीन गरिमा के विरुद्ध हैं।

जिले भर से हजारों शिक्षकों, विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने इस आदेश के विरुद्ध सशक्त विरोध दर्ज कराते हुए सरकार से मांग की कि या तो उक्त आदेश निरस्त किया जाए अथवा उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए।

प्रदर्शन में टेट संघर्ष समिति एवं राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक आशीष उरमलिया, अध्यक्ष शिवदास यादव, विपिन तिवारी, नवनीत चतुर्वेदी, जे.पी. हल्दकार, संजय मिश्रा, सुशील तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, रामाधार सोनू सरावगी, रीना साहू, वीणा द्विवेदी, दमयंती डेहरिया, वंदना त्रिपाठी, रामबाई कोल, सूर्यकांत त्रिपाठी, विनीत मिश्रा मौजूद रहे।

## वित्तीय अनियमितताओं के प्रकरणों में सीईओ ने की सुनवाई



वित्तीय अनियमितता एवं आर्थिक गड़बड़ियों के प्रकरणों में बुधवार को जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत सात ग्राम पंचायतों की एक–एक कर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत हीरापुर कोड़ियां, जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बनगवा एवं जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की सनकुई, खमतरा, इमलिया, लालपुर और बरही ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक,उपयंत्री एवं कार्यरत सरपंच, सचिव,ग्राम रोजगार सहायक और उपयंत्री आदि मौजूद रहे। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायतों के पक्ष को अत्यंत धैर्यपूर्वक सुनते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों एवं प्राप्त प्रतिवाद का मनन पूर्वक,गहन और सूक्ष्म रूप से अध्ययन किया। ग्राम पंचायतों की सुनवाई और अभिलेखों के परिशीलन के दौरान रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव मौजूद रहे।

## मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

नगर के मचखण्डा मोहल्ला स्थित प्राचीन चण्डी माता मंदिर में इन दिनों नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह-शाम भक्तजन माता के दरबार में पहुंचकर माथा टेक रहे हैं और मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

खास बात यह है कि चण्डी माता अपने एक ही रूप में नगर के दो अलग अलग स्थानों पर विराजमान है।नवरात्रि के पावन दिनों में मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है।

श्रद्धालुओं ने बताया कि चण्डी माता का मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है।क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते हुए आज भी नवरात्रि के दौरान मंदिर में जवारें



बोए जाते हैं। श्रद्धालु माता को अठवाई प्रसाद अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है, जिससे यहां आने वाले भक्तों का विश्वास और भी दृढ़ होता है।

मचखण्डा मोहल्ला के अलावा मातारानी एक ही रूप में न्यू बस स्टैंड के समीप विराजमान है। यहाँ पर स्थित चण्डी माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। शारदेय नवरात्रि पर्व पर दोनों मंदिरों में मातारानी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं देवउठनी एकादशी के अवसर पर न्यू बस स्टैंड स्थित चण्डी माता परिसर में पारंपरिक चण्डी मेला आयोजित होता है। इस दौरान गांव के भीतर स्थित मंदिर से शोभायात्रा के माध्यम से मातारानी यहां पहुंचती हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## विधायक ने कहा सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

*कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीति एवं सिद्धांतों की दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही एवं खितौली मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के आवासीय शिविर का आयोजन हुआ। इस महाभियान का उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक संजय पाठक, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला प्रभारी सुजीत जैन, महामंत्री मनीषदेव मिश्रा, सुनील उपाध्याय ने भारत माता पं.दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम एवं वर्ग गीत का गायन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की संबोधित करते हुए विधायक संजय पाठक ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक





ऐतिहासिक कार्य किए हैं। गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं बच्चे के जन्म से लेकर वृद्ध तक हर व्यक्ति हमारी सरकार के द्वारा दिए लाभ का हितग्राही है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें यही हमारा दायित्व है। दोनों मंडलों के सत्रों में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन एवं जिला प्रभारी सुजीत जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण को और अधिक गहराई से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा देने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की भावना को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित

# वित्तीय वर्ष की समाप्ति पूर्व योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व सभी विभाग एवं बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने यह निर्देश जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की आयोजित तिमाही बैठक में दिये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी मौजूद रहीं।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये शासन द्वारा प्रदाय लक्ष्यों में पिछड़ने वाले बैंकों को स्थिति में तुरंत सुधार के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान



क्लेम करने के लिए सभी बैंकर्स को निर्देशित किया। सीईओ श्रीमती कौर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत सभी बैंकों को ज्यादा से ज्यादा प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण करने के निर्देश दिए।

सीईओ श्रीमती कौर ने पीएम स्वनिधि के लक्ष्यपूर्ति हेतु सभी स्वीकृत प्रकरणों में ऋण वितरण कराने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिये। साथ ही पीएमएफएमई योजना अंतर्गत प्रकरणवार समीक्षा करते हुये सभी बैंकों को शीघ्र लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए।

सीईओ श्रीमती कौर ने पशुपालन विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) प्रकरणों की समीक्षा करते हुये सभी बैंकों को ब्रांच में लंबित केसीसी प्रकरणों को जल्द से जल्द स्वीकृत कर वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही आचार्य विद्यासागर योजना, भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, बकरी पालन योजना में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये सीईओ श्रीमती कौर ने विभाग को बैंको से समन्वय कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जनजाति विभाग को बैंकों से सामंजस्य स्थापित विभागांतर्गत संचालित योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति करने की हिदायत दी।

बैठक में आरबीआई सहायक महाप्रबंधक संजय सेजकर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी श्रीमती ज्योति चौहान, अग्रणी जिला प्रबंधक मेझरस किंडो सहित समस्त बैंकों के नोडल अधिकारी एवं समस्त हितग्राही मूलक योजना के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## शिक्षा से ही बदलेगा भविष्यः रामपुर में विधिक साक्षरता शिविर, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत रामपुर में 25 मार्च को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने महिलाओं और पुरुषों को शिक्षा के महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार और बेहतर जीवन के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है। बड़े उद्योग, कंपनियां और व्यापारिक क्षेत्र में वही व्यक्ति सफल हो सकता है, जो पढ़ा-लिखा हो। अशिक्षित व्यक्ति के पास सीमित अवसर होते हैं, जबकि शिक्षित व्यक्ति कहीं भी जाकर काम करने में सक्षम होता है।



न्यायाधीश ने ग्रामीणों को बताया कि शिक्षा के अभाव में समाज का विकास रुक जाता है। विशेष रूप से उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर बेटियों की पढ़ाई को नजरअंदाज कर जल्दी विवाह कर दिया जाता है, जिससे उनके भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करते हुए दोनों को समान रूप से शिक्षा दिलाएं।शिविर में ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि शिक्षित समाज ही मजबूत और जागरूक समाज बनाता है। उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक जानकारी सुनी और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्यासी, अवधेश असाटी, जय किशोर शुक्ला सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। यह शिविर ग्रामीणों में शिक्षा और विधिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में उपयोगी साबित हुआ।

खबर संक्षेप

## 27 लोगों पर 14300 का लगाया जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर निगम की अतिक्रमण विभाग की टीम द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अनाउंसमेंट किया जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान नियमों का पालन नहीं करने एवं कार्यवाही के दौरान सुगम आवागमन व्यवस्था में सहयोग प्रदान नहीं करने वाले 26 लोगों पर 13 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाइन भी किया गया। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान इंदिरा नगर क्षेत्र में एक कबाड़ व्यवसाई द्वारा सार्वजनिक मार्ग में का कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने तथा सफाई व्यवस्था प्रभावित करने पर 1 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

## बाइक सवार बदमाशों ने वृद्ध से छीने 1.50 लाख रुपये

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में गत दोपहर एक बुजुर्ग के साथ लूट की वारदात हुई। अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने बुजुर्ग के पास रखे 1 लाख 50 हजार रुपये छीन लिए और रफूचक्कर हो गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार फरियादी रामअवतार शुक्ला 71 वर्ष जो सलैया मैरहाई के निवासी हैं, मंगलवार दोपहर करीब 12:45 बजे विजयराघवगढ़-कटनी रोड पर स्थित एक हार्डवेयर की दुकान के पास से गुजर रहे थे उनके पास एक थैले में डेढ़ लाख रुपये की नकदी थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति अचानक उनके पास पहुँचा और उनके हाथ से नकदी वाला थैला छीन लिया। इससे पहले कि बुजुर्ग शोर मचा पाते या कोई उन्हें रोक पाता, आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुँची। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

## मोबाइल दुकान में चोरी, हजारों की सामग्री पार

**बरही।** थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाश आये दिन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4 निवासी अजय गुप्ता की मैहर रोड पर मोबाइल और एसेसरीज की दुकान में चोरो ने वारदात को आंजम दिया। चोरों ने रात में दुकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और चोरी की। सुबह जब दुकानदार दुकान पहुँचा तो शटर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर से कीमती मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक एसेसरीज गायब थीं। फरियादी के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत 95 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मोटर साइकिल पार

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरी (मझगवां) में चोरों ने मोटर साइकिल पार कर दी। ग्राम बिजौरी निवासी सूरज गड़ारी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZE 2023 को रात करीब 10 बजे अपने घर के सामने खड़ी की थी। रात करीब 3 बजे जब घर के सदस्यों की नजर पड़ी तो वाहन वहां से गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## 5 स्थानों में मासांत तक शिविरों का होगा आयोजन

**कटनी।** नगर निगम के बकाया करों पर लगने वाले अधिभार (पेनाल्टी) में नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर दी जा रही छूट की अवधि को बढ़ाकर अब 31 मार्च 2026 तक कर दिया गया है जिसके तहत नागरिकगण नगर निगम कार्यालय सहित बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाकर नागरिकों को बकाया वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में शत-प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

### महापौर की अध्यक्षता में आयोजित एमआईसी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

# नगर विकास एवं जन सुविधाओं पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक बुधवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट, प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन, आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत भवनों को आपसी सहमति से बदलने, चौराहों के नामकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाकर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 -2027 के लिए तैयार किए गए बजट प्रस्ताव को सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात अब परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है। बजट में नगर विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं।

निगम प्रशासन द्वारा तैयार किए गए इस बजट का उद्देश्य शहर के समग्र विकास को गति देना एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। परिषद की बैठक में बजट पर विस्तृत चर्चा के उपरांत अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी, जिसके पश्चात विभिन्न विकास कार्यों को क्रियान्वित किया जाएगा।बजट में जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकताओं का निर्धारण किया गया है, ताकि शहर के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा मे शव वाहन एवं लावारिस शव वाहन की व्यवस्था हेतु विशेष प्रावधान कराया गया है। इस निर्णय का उद्धेश्य शहर में मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप त्वरित एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

आईएचएसडीपी योजनांतर्गत भवन आवंटन उपरांत आपस में अदला बदली किए जाने हेतु शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत आवेदकों के प्रस्ताव पर विभाग द्वारा बताया गया कि शासन के नवीन दिशा निर्देशों अनुसार भवनों के आवंटन में चयनित हितग्राही मेयर इन काउंसिल के अनुमोदन उपरांत आपस में भवनों को बदल सकते है।

### संपत्ति कर में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का प्रस्ताव परिषद को प्रेषित

शासन निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में भवनों,भूमियों पर संपत्ति कर नियम 2020 की गणना अनुसार क्षेत्र वर्गीकरण एवं कर करयोग्य संपत्ति मूल्य में वृद्धि के संबंधी प्रस्ताव पर विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की तारीख से अधिकतम 1 माह के भीतर संकल्प अंगीकृत करना अनिवार्य है। तदनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिका नियम अनुसार प्रत्येक नगरपालिका को वर्ष विशेष के लिए कलेक्टर गाइडलाइन में निर्धारित क्षेत्रों के अनुरूप वर्गीकृत किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 मे करयोग्य संपत्ति मूल्य की दरों के निर्धारण हेतु कलेक्टर गाइडलाइन अनुसार वर्ष 2024-25 एवं 2025 -26 की तुलना अनुसार आवासीय, व्यवसायिक भवन,प्लाट की दर में वार्ड के अलग-अलग क्षेत्र में पृथक-पृथक प्रतिशत वृद्धि के आधार पर नियम 06 (02) अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नगर पालिका निगम निगम कटनी में संपत्ति कर की पूर्व निर्धारित कर योग्य संपत्ति मूल्य में एक्जाई 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से अनुमोदित किया करते हुए स्वीकृति हेतु परिषद बैठक की ओर प्रेषित किया गया।

इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान चैराहों के नामकरण एवं कर्मचारी संबंधी प्रस्ताव सहित विभिन्न अन्य विषयों पर चर्चा की जाकर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चतुर्थ चरण के तहत 8 करोड़ रूपये की लगात से सड़क, नाली, चैराहों का सौदर्यीकरण सहित माधवनगर गेट के नव निर्माण कार्यो के संबंध में चर्चा की जाकर सर्वसम्मित से विकास कार्यो को करानें की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान निगम के समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## एम.जी.एम. हॉस्पिटल में विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं एम.जी.एम. हॉस्पिटल में विश्व टी.बी. दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में क्षय रोग (टी.बी.) के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं "टी.बी. मुक्त भारत" के लक्ष्य को साकार करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें टी.बी. से संबंधित संदेशों को सुंदर एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने टी.बी. के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं उपचार पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "टी.बी. मुक्त भारत" की शपथ थी, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं जागरूक रहेंगे तथा समाज में टी.बी. के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

एम.जी.एम. हॉस्पिटल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं संस्थान के प्राचार्य व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि टी.बी. एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है, और सही समय पर पहचान एवं उपचार से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने नियमित जांच, दवा का पूर्ण सेवन एवं स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया। इस प्रकार, एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी ने विश्व टी.बी. दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

*एसपी ने क्राइम मीटिंग में अधिकारियों को जीरो टालरेंस नीति के तहत सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश*

## अपराधों को रोकने के लिए रखें निगरानी रात्रि गश्त कर बदमाशों की धरपकड़ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि "अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है" तथा जिले में किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी त्योहार रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, मुख्य मार्गों एवं तिराहों पर विशेष निगरानी रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावी रात्रि गश्त करने तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया।

फरार स्थायी वारंटी एवं इनामी बदमाशों की थाना स्तर पर समीक्षा कर उनकी गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश कर उनकी शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान, खत्मा खर्जी, शिकायतों एवं महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। लंबित मर्ग एवं माल के निराकरण हेतु भी सख्त निर्देश दिए गए। एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट को मेडलेपर पोर्टल के माध्यम से भेजने तथा प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या गैर-परंपरागत गतिविधियों को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अवैध शराब, सट्टा, जुआ, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। आदतन अपराधियों की निगरानी बढ़ाने, अधिक से अधिक बदमाशों को बाउंड ओवर करने तथा गंभीर अपराधियों की जमानत नस्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।

### प्रशिक्षण महाभियान में संगठन को मजबूत करने किया आव्हान



बरही तहसील अंतर्गत भाजपा मंडल खितौली का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान बिरुहली में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा उद्घाटन सत्र प्रारंभ करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है वहीं दूसरे सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने सम्बोधित किया, जिला प्रभारी सुजीत जैन ने संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे आने का आव्हान किया,इसी प्रकार सुनील उपाध्याय,रवि खरे, उदयराज सिंह चौहान,आयुष पांडे ने अपने अपने विषय पर सम्बोधित किया, कार्यक्रम में जिला महामंत्री मनीषदेव मिश्रा, वरिष्ठ नेता काशी गुप्ता,डारेश्वर पाठक, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी एवं समस्त पदाधिकारियों सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक,एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस ने छात्रावास में भेंट किया इंडक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



देश भर में गहराते रसोई एवं कमर्शियल गैस संकट को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने विभिन्न स्थानों पर इंडक्शन चूल्हा भेंट कर मानवता की मिसाल पेश की है जिससे प्रेरणा लेकर महिला कांग्रेस नेत्री सौम्या राँधेलिया द्वारा महिला कांग्रेस नेत्री एवं युवा साथियों के साथ शासकीय अनुसूचित जनजाति गर्ल्स हॉस्टल कटनी पहुंच कर इंडक्शन चूल्हा छात्राओं को भेंट किया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने बताया की भाजपा की ग़लत विदेश नीतियों का खामियाजा आज पूरा देश झेल रहा है प्रधानमंत्री द्वारा पहले कहा गया कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है फिर सदन में कहा की देश एक बड़ी लड़ाई के लिए करोना जैसे तैयार रहे।देश भर में हुए गैस के संकट पर केवल भाजपा सरकार जवाबदार है।युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया ने बताया की महिलाओं को गैस के लिए लंबी लंबी कतारों के लगना पड़ रहा है सिलेंडरों की कालाबाजारी चालू हो चुकी है,केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता के कारण महिलों को पुनः चूल्हे की ओर रूख करना पड़ रहा है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है,हमारे द्वारा महिला हॉस्टल के गैस की कमी को देखते हुए एकेक्ट्रिक इंडक्शनीभेंट किया है,महिला कांग्रेस इस कठिन समय में प्रत्येक महिला के साथ खड़ी है।छात्रावास की समस्त छात्राओं ने आपदा के समय उपयोग के आने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण इंडस्क्शन हेतु महिला कांग्रेस के प्रति धयावाद ज्ञापति किया।

इस दौरान मुख्य रूप से सूर्यकांत कुशवाहा, शुभम मिश्रा,अजय खटिक, शशांक गुप्ता,मीनाक्षी बलवी,हेमा शर्मा,नीरा सोनी,रश्मि अग्रवाल,मनीषा सोलंकी,मुमताज बानो,माया चौधरी,सहित बड़ी संख्या में महिला नेत्रियाँ उपस्थित रही।

*112 वर्षीय जगौतिया बाई साहू का होगा सम्मान, समाज लेगा आशीर्वाद*

## साहू समाज का नवाचार, बुजुर्गों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



साहू समाज द्वारा माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अप्रैल 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में समाज द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए अपने बुजुर्गों का सम्मान कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा की शुरुआत की जा रही है।इस पहल के तहत साहू समाज की 112 वर्षीया परदादी जगौतिया बाई साहू (पत्नी स्वर्गीय मंजू साहू) का सम्मान समारोह 29 मार्च 2026 को मैहर जिले के ग्राम धनवाही में जैतराम साहू के निवास स्थान पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल एक बुजुर्ग के सम्मान का अवसर होगा, बल्कि समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी संदेश देगा।ग्राम ईटौरा की निवासी जगौतिया बाई साहू अपने लंबे जीवन अनुभव और सरल, संतुलित जीवनशैली के लिए समाज में विशेष पहचान रखती हैं। उनके परिवार में दो पुत्र सुखलाल साहू और श्यामलाल साहू तथा सात पुत्रियां हैं। वर्तमान में उनके परिवार में नाती-पोते, बहू-बेटियों सहित लगभग 70 सदस्य हैं, जो एक बड़े संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहकर पारिवारिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों से साहू समाज के लगभग 200 से अधिक लोग शामिल होकर 112 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुकीं जगौतिया बाई साहू का सम्मान करेंगे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गांव की कुलदेवी मढ़िया दाई की पूजा-अर्चना से होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे 112 वर्षीया दादी जगौतिया बाई साहू का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग उन्हें शॉल, श्रीफल और सम्मान-पत्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

इसके बाद माँ कर्मा की आरती की जाएगी तथा शाम 7 बजे सुंदरकांड रामायण पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के कई लोग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। रायपुर (छत्तीसगढ़) से अनंतराम साहू, पुष्पा साहू, दीपक साहू, सोमवती साहू एवं युक्ति साहू, जबलपुर से अजय साहू, तथा हीरालाल साहू (सिरौंजा), कमलेश साहू (आमातार) और दादूली साहू (शिक्षक, मैहर) सहित अनेक समाजसेवियों का विशेष योगदान रहेगा।

### बचैया आँगनबाड़ी केंद्र में विद्यारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिक्षा बच्चें के सम्पूर्ण विकास की होती है आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत बचैया की सभी आँगनबाडी केंद्रों मै 'विद्यारम्भ' कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का औपचारिक रूप से शैक्षणिक जीवन प्रारंभ हुआ । इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालयों में सहज रूप से प्रवेश दिलाया जाएगा। बचैया आँगनबाडी केंद्र क्रमांक 2 व 3 मै पर्यवेक्षक स्वाति दुबे की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पर्यवेक्षक स्वाति दुबे ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में शिक्षा की मजबूत नींव रखने का प्रयास है। इस दौरान बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण करने के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे उनके विद्यालयीन जीवन की शुरुआत को औपचारिक पहचान मिलेगी।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरण के दौरान आने वाली कठिनाइयों को कम करना है। अक्सर छोटे बच्चों के लिए नया माहौल चुनौतीपूर्ण होता है, ऐसे में 'विद्यारम्भ' कार्यक्रम के जरिए उन्हें उत्सव के माहौल में स्कूल से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे पढ़ाई के प्रति प्रेरित हों।कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए जिससे बच्चों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन मिला ।शिक्षा की मजबूत नींव की ओर कदम -वहीं परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में दी गई शिक्षा बच्चे के संपूर्ण विकास की आधारशिला होती है।

'विद्यारम्भ' जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक और उत्सवपूर्ण अनुभव भी प्रदान करते हैं। आज का यह आयोजन बहोरीबंद के हजारों नन्हे-मुन्नों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक बना। आंगनवाड़ी में दर्ज ऐसे बच्चे जो 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे उनको प्रमाण पत्र जारी कर प्राथमिक शालाओं में भर्ती कराने का अभियान प्रारंभ किया गया।

## कलश यात्रा निकाल जल संरक्षण के लिये किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जल गंगा संवर्धन अंतर्गत "जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम का आयोजन मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में और म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ब्लॉक समन्वयक बड़वारा नंदिनी वाटिया की उपस्थिति में विकासखण्ड बड़वारा के सेक्टर क्रमांक 4 बसाड़ी अंतर्गत ग्राम प्रस्फुटन समिति कुम्हरवारा के सहयोग से "जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संचयन, जन जागरूकता संगोष्ठी बैठक के आयोजन के साथ कलश यात्रा निकली गई। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाएंगे भूल ना जाइयो रे एवं अब ना करो मनमानी, बचा लो भइया थोड़ा सा पानी गीत के साथ , जल है तो कल है , नदी कुआ, तालाब बावड़ी, जल स्रोतों की करें सफाई, जल है असली सोना, इसे व्यर्थ नहीं है खोना जैसे स्लोगन के उदघोष के साथ जयकारा लगाते हुए रैली एवं कलश यात्रा निकाली गई।

रैली कार्यक्रम के उपरांत उमरार नदी में गंगा आरती के साथ घटबैया घाट स्थल पर भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात उमरार नदी में श्रद्धापूर्वक दीपदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नंदिनी वाटिया द्वारा सभी ग्रामीणों को 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा जल संरक्षण हेतु सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी गुलशन रुहेल, सरपंच कुम्हरवारा वृंदावन पटेल, पटवारी कुम्हरवारा राजेंद्र सिंह कुशराम, एसबीआई आरसेटी से अनुपम पाण्डेय और अरुण रजक, नवांकुर संस्था से ओम प्रकाश यादव, रामसखा पाल, कमलेश तिवारी, फग्गूलाल केवट अन्य स्वयं समाजसेवी प्रतिनिधि मुकेश,सरिता देवी,मंपी, चैना पटेल, सरस्वती कोल, चमेली पटेल आदि मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाईन टेण्डर 27 मार्च को

**दमोह।** जिले में निष्पादन से शेष बचे 16 मदिरा समूहों में सम्मिलित 37 मदिरा दुकानों का निष्पादन समूहवार एवं पृथक-पृथक ऑनलाईन ई टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन द्वारा 27 मार्च को दोपहर 12:05 बजे से किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया इच्छुक आवेदक 27 मार्च को दोपहर 12 बजे तक अपने ऑफर ऑनलाईन सबमिट कर सकते है। टेण्डर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिला आबकारी कार्यालय दमोह से प्राप्त की जा सकती है।

### आचार्य भरतमुनि प्रसंग दमोह में आज

**दमोह।** मध्येप्रदेश शासन, संस्कृसति विभाग अंतर्गत उस्ताकद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन दमोह के सहयोग से नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरतमुनि की स्मृपति में प्रतिष्ठित 'आचार्य भरतमुनि प्रसंग' का आयोजन किया जा रहा है। मानस भवन, दमोह में 26 मार्च, 2026 को आयोजित होने जा रहे इस समारोह में गायन, वादन एवं नृत्य की उत्कृसष्टत प्रस्तु तियां देश के सुविख्या।त कलाकारों द्वारा दी जायेंगी। उस्ताोद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं परम्पसराओं के संरक्षण के साथ ही उनके प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृ ति विभाग निरन्तवर कार्यरत है। नई पीढ़ी हमारी संस्कृति एवं महान विभूतियों के बारे में परिचित हो सके, इसके लिए अनेक नवाचार एवं आयोजन भी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक दिवसीय आचार्य भरतमुनि प्रसंग में सायं 7 बजे से सर्वप्रथम श्वेता गुंजन जोशी, धार का गायन होगा। इसके बाद पंडित प्रसन्नजीत पोद्दार एवं साथी, कोलकाता का वाद्यवृंद वादन होगा। अंतिम प्रस्तुति चक्रधर नृत्य केन्द्र, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्य की होगी, जो गुरु सुश्री अल्पना वाजपेयी के निर्देशन में तैयार की गई है।

### हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से हार्वेस्टर जला, युवक घायल

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कटिया लखरावन गांव में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से हार्वेस्टर मशीन पूरी तरह जल गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय किसान अपने खेत में हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई करा रहे थे। इसी दौरान हाई टेंशन विद्युत लाइन अचानक मशीन पर गिर गई। इससे मशीन में जोरदार चिंगारी निकली और पूरी मशीन आग की चपेट में आ गई। हार्वेस्टर चला रहे सोहिल अंसारी (बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी) भी बिजली की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।

### चैत्र नवरात्रि में उमड़ा आस्था का सैलाब

# 311 मीटर लंबी चुनरी के साथ निकली भव्य यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

चैत्र नवरात्रि के पावन सप्तमी पर्व पर क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब हिनौती आजम से मां दुर्गा की भव्य चुनरी यात्रा पूरे धार्मिक उत्साह के साथ निकाली गई। रोहित गौर मित्र मंडली द्वारा आयोजित यह चुनरी यात्रा लगातार छठवें वर्ष आयोजित की गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को दिव्यता से भर दिया।

खेर माता मंदिर हिनौती आजम में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जैसे ही 311 मीटर लंबी चुनरी लेकर यात्रा प्रारंभ हुई, पूरा क्षेत्र "जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। महिलाएं, युवतियां, बच्चे और बुजुर्ग सभी चुनरी थामने के लिए उत्साहित नजर आए। श्रद्धालु भक्तिमय गीतों पर झूमते हुए करीब 5 किलोमीटर का पैदल सफर तय करते हुए महादेव घाट रोड होते हुए सगरा मार्ग से मां मटैना शक्ति धाम पहुंचे। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा चुनरी की पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और अलौकिक हो गया। भक्ति की इस धारा में हर कोई डूबा नजर आया।

मां मटैना शक्ति धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में नौ देवियों की भव्य 3D छवि की स्थापना भी की गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री के पिता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी ठाकुर सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मां मटैना शक्ति धाम क्षेत्र की जन-जन की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र नवरात्रि के पूरे 9 दिनों तक भव्य धार्मिक आयोजन होते हैं। इस दिव्य आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आस्था की शक्ति हर दिल को जोड़ने की ताकत रखती है।

### प्रशासनिक आदेशों की खुली अनदेखी

# डूब क्षेत्र में अवैध खेती से मवेशी-पशु प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी इस समय मनमानी पर उतारू है। यहां तक की अपने वरिष्ठ अधिकारियों की आदेशों की अवहेलना करने में भी नहीं चूक रहे है, जबेरा नगर में इस समय ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही जल संकट की आशंका गहरा गई है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है। करीब डेढ़ माह पूर्व जिला कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा नदी-नालों और तालाबों से सिंचाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था, ताकि गर्मी में पेयजल संकट से निपटा जा सके। इसके बावजूद जबेरा तहसील के ग्राम बंदरकोलमें नियमों को दरकिनार कर बड़े पैमाने पर मूंग और उड़द की फसल बोकर सिंचाई की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम बंदरकोलके शासकीय तालाब के डूब क्षेत्र की लगभग 50 एकड़ भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर खेती कर ली है। हैरानी की बात यह है कि पूरी जमीन को कंटीली झाड़ियों से घेर दिया गया है, जिससे मवेशी और वन्य जीव तालाब तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। एक ओर तालाब की मेड़ और दूसरी ओर कांटेदार बाड़ होने से पशु-पक्षियों के लिए पानी तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है।

बताया गया है कि जबेरा, सुरई, बंधना, हरदुआ सिंगोर गढ़ ,जोगी खेड़ा और देवतारा सहित करीब 8 गांवों के मवेशी और जंगली जानवर इसी तालाब पर निर्भर हैं। दोपहर में पानी की तलाश में आने वाले जानवर जब पानी तक नहीं पहुंच पाते, तो प्यासे लौटने को मजबूर हो जाते हैं। क्षेत्र में अन्य जल स्रोत न होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तालाब से मोटर पंप के जरिए सिंचाई की जा रही है, जबकि प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा भी कथित रूप से नियमों के विरुद्ध कनेक्शन दिए जाने की बात सामने आई है। जांच होने पर फर्जी कनेक्शनों का खुलासा हो सकता है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिस भूमि पर खेती की जा रही है, वह तालाब का डूब क्षेत्र है, जिसका मुआवजा शासन द्वारा पहले ही संबंधित किसानों को दिया जा चुका है। इसके बावजूद उसी भूमि पर दोबारा अवैध खेती कर नियमों की अनदेखी की जा रही है। लगातार सिंचाई से तालाब का जल स्तर तेजी से घट रहा है, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट गहरा सकता है। साथ ही तालाब में हो रहे मछली पालन पर भी खतरा मंडरा रहा है।

# शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्यप्रदेश में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार प्रदेश भर में प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपे हैं। इसी श्रंखला में बुधवार को अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा विधायक उमा देवी खटीक को ज्ञापन सौंप कर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की गई।

शिक्षकों शिक्षकों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से विधायक को अवगत कराते अनुरोध किया गया कि मध्यप्रदेश में शिक्षको की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित सेवा शर्तों के अनुसार की जाती है। इन शिक्षको ने 25-30 वर्षों से निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परंतु वर्तमान में ऐसे दीर्घकालीन सेवा दे रहे शिक्षको पर टी.ई.टी. की अनिवार्यता लागू होने से उनके बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शिक्षकों ने विधायक से अनुरोध किया कि माननीय मुख्यमंत्री म.प्र.शासन भोपाल की ओर से इस विषय में आपके पत्र के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर किये जाने हेतु विचार करने की कृपा करें जिससे लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षको के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सकें।

ज्ञापन देने वालों में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजेंद्र सिंह राजपूत, मुकेश सराफ, जितेन्द्र सिंह राजपूत, सुनील सोनी, मुलायम सिंह, संदीप सोनी जितेंद्र प्यासी, प्रीतम गोस्वामी, माधव पटेल,श्यामसुंदर प्यासी गणेश शर्मा, महेंद्र प्यासी, निमिराज सिंह, एम एल अहिरवार, महेंद्र पटेल दुर्गा गुप्ता निशांत छिरौलिया गोपी भाई राकेश दुबे सुरेश कुसमरिया बीरेंद्र पटेल देवेंद्र सिंह मनीषा प्यासी मीणा अवस्थी विनीता श्रीवास्तव शोभना जैन पूजा असाटी आनंद पटेल विजय राय गणेश अहिरवार दामोदर विश्वकर्मा सुनील पाठक योगेश सोनी उमा कोरी सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

**दमोह।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार एवं विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम जी के 20 अप्रैल 2026 को होने वाले प्रकटोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज की प्रथम बैठक सिविल वार्ड क्रमांक 4 स्थित श्री शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए विप्रजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान प्रकटोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत शहर के विभिन्न वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टीम बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही बैठकों, सोशल मीडिया, फ्लेक्स, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर एडवोकेट मनीष नगाइच ने "सेल्फी विद फेसबुक" अभियान का सुझाव दिया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। इस अभियान के तहत ब्राह्मण समाज के सदस्य एक-दूसरे से मिलकर साथ में सेल्फी लें और भगवान परशुराम प्रकटोत्सव का निमंत्रण संदेश लिखते हुए फोटो को फेसबुक एवं व्हाट्सएप स्टेटस पर साझा करें, ताकि आयोजन के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाई जा सके। सर्व ब्राह्मण समाज ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में बाड़ों एवं ग्राम स्तर पर भी बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोग आयोजन से जुड़ सकें। साथ ही दिनांक 29 मार्च 2026, रविवार को शाम 8 बजे श्री शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण में अगली बैठक रखी गई है, जिसमें सभी विप्रजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में आशीष शर्मा , अभय भट्ट, गणेश मिश्रा, जमना चौबे, अनुराग लवली मिश्रा, पवन तिवारी, शिवेंद्र तिवारी, संजय बिदोलिया, धीरज गुरु, अखिलेश हजारी जी ,अनिल बैरागी, पंडित मनु मिश्रा, शांतनु, छोटू दुबे , मिश्रा, वेद दुबे, पंडित श्री अरुण बंटी शुक्ला जी, एडवोकेट अरुण दुबे, एडवोकेट मनीष नगाइच , मुकेश पांडे, अतुल शर्मा, पंडित सतीश तिवारी, पंडित मोनू पाठक, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई, शंकर गौतम, पंडित तुलसीराम तिवारी, सतीश त्रिपाठी, आदित्य शिरोठिया, पंडित श्याम दुबे, रमाकांत मिश्रा अधरोटा , रीकेश चौबे सरपंच, जिला पंचायत सदस्य जय हजारी जी , मगन बाजपेई, सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# विश्व क्षय दिवस एवं 100 डेज कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार आठ्या एवं डीटीओ डॉ गौरव जैन के मार्गदर्शन में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सीएमएचओ हॉल में 100 डेज़ टीबी स्क्रीनिंग अभियान का शुभारंभ माननीय श्रीमती प्रीति कमल सिंह ठाकुर ( अध्यक्ष जनपद पंचायत दमोह) एवं श्याम शिवहरे (जिला अध्यक्ष भाजपा) एवम्‌ शहरी क्षेत्र पार्षद विवेक सेन की पावन उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गौरव जैन (डीटीओ), डॉ. राकेश राय eye specialist एवं डॉ. रेक्सन अल्बर्ट की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ. गौरव जैन द्वारा टीबी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि टीबी क्या है, यह कैसे फैलती है, इसकी जांच कैसे होती है तथा सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही टीबी से बचाव और उसके उपचार के बारे में भी जागरूक किया गया। श्री बी.एम. दुबे के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इसके उपरांत डॉ. रेक्सन अल्बर्ट ने नि_क्षय मित्र बनकर 6 टी बी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की। इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा टीबी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। करीब दोपहर 1 बजे एकलव्य यूनिवर्सिटी के नर्सिंग कॉलेज में टी बी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में पवन जैन (वीसी), डॉ. राजेश आठ्या (सीएमएचओ), डॉ. गौरव जैन (डीटीओ), डॉ. अनिल जैन, दीपक सिंह राजपूत (डीपीसी) एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर फहद खान (टीबी चैंपियन), जो वर्तमान में राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हैं, उन्होंने अपने टीबी से संघर्ष और उससे उबरने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डीटीओ एवं समस्त टीबी स्टाफ शाम करीब शाम 4 बजे जिला जेल पहुंचे, जहां कैदियों को टी बी के प्रति जन जागरूक किया गया, उनके भ्रम दूर किए गए तथा स्क्रीनिंग की गई। साथ ही एक टीबी मरीज कैदी को सपोर्टिव उपचार भी उपलब्ध कराया गया। इन सभी कार्यक्रमो में NTEP टी बी स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम चिलोद में सड़क न होने से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम चिलोद में आजादी के इतने वर्षो बाद भी सड़क नहीं बनाई गई है जिस कारण ग्राम वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही इस ग्राम में सड़क की माँग के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री महोदय तक से मांग की जा चुकी है लेकिन जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिलोद में सड़क न होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चीलोद के एक मोहल्ले में सड़क न होने के कारण बरसात में वहां के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं गंभीर मरीज को 1 किलोमीटर कीचड़ भरे रास्ते रोड तक चारपाई पर ले जाना पड़ता है, चिलौद सरपंच प्रतिनिधि सुरेश राय ,मोहन सिंह, लाल सिंह प्रजापति राधा रानी, रानी, राखी, राम लली, ऋषि सिंह आदि ग्राम के ग्रामीणों ने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह से कहा कि आप हमारे गांव तक रोड बनवा दीजिए हम लोग कई बार मंत्री महोदय के यहां पर गए लेकिन काम नहीं हो रहा है कोई सुनवाई नहीं हो रही है बहुत ज्यादा परेशानी रहती है हम लोग को बरसात में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कहा कि मैं तुरंत सीईओ जबेरा से कहकर यहां का सर्वे करा कर के सड़क बनवाने का पूरा प्रयास करूंगा।

# ईको क्लब के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन(एप्को) तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.जैन तथा ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वनस्पति शास्त्र विभाग के नए भवन में संपन्न हुआ। जिसमें सुबह 10:30 बजे छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के उद्यानः विद्यावन में जैविक खाद उत्पादन हेतु लगाई गई दो इकाई पर सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति में जैविक खाद विषय विशेषज्ञ श्री प्रथम तिवारी एवं श्री शिवम्‌ पाठक जी के द्वारा केंचुआ पालन एवं जैविक खाद की उपयोगिता तथा महत्व पर प्रशिक्षण सहित वृहद जानकारी प्रदान किए गए। एक दिवसीय इस कार्यशाला में व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास प्रदान किए जाने के



उद्देश्य से ठमेज वनज वि्ंजम एवं मशरूम उत्पादन विषयों पर इस कार्यशाला में डॉ. एन. आर. सुमन तथा सौरभ विश्वकर्मा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इस अवसर उर्वशी वेद द्वारा बनाए गए शैल चित्र जिसमें पक्षियों एवं तितलियों के चित्रण तथा चाक मिट्टी और पेपर की लुगदी के मिश्रण से विभिन्न पशु पक्षियों की मूर्ति बनाकर जैवविविधता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. इंदिरा जैन, डॉ.कीर्तिकाम दुबे, डॉ.आर पी अहरवाल, डॉ. पी के ढाका, डॉ. जी पी अहिरवार, श्रीमती एन.पदमा कुमार, डॉ. संध्या पिंपलापुरे, डॉ.उषा सोनी, श्री विनोद साहू,श्री मनीष साहू, डॉ.राहुल दुबे, डॉ. दिव्या पटेल, श्रीमती दुर्गा अहिरवार, डॉ.आशा राम यादव, डॉ जितेंद्र चौधरी, श्रीमती नाजनीन बेगम, सहित प्रह्लाद ठाकुर, रामगोपाल तंतुवाय, घसीटा रैकवार का सहयोग व उपस्थिति रही तथा कार्यशाला में 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति दमोह द्वारा प्रतिमाह सुंदरकांड कि श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती प्रभा प्रकाश असाटी एवं श्रीमती रानी विट्ठल असाटी के सौजन्य से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं महिला समिति द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम दरबार एवं मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात असाटी समाज की बहनों के द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात सभी बहनों ने हनुमान चालीसा के माध्यम से पवन पुत्र श्री हनुमान जी की स्तुति की, साथ ही मां जगदंबे की सुमधुर भजनों का गायन कर पूरे माहौल को भक्ति और आनंद से सराबोर कर दिया। इसी दौरान समाज की नौ बहनों श्रीमती ज्योति कृष्ण कुमार असाटी,श्रीमती हेमपुष्पा प्रशांत असाटी, श्रीमती रिचा शैलेंद्र असाटी, श्रीमती ममता कंछेदी लाल असाटी, श्रीमती गीता दिनेश असाटी, श्रीमती महिमा नीलेश असाटी, श्रीमति महिमा दर्शन असाटी,श्रीमती डोली शैलेंद्र असाटी, पिंकी विनीत असाटी द्वारा मां जगदंबे की भव्य आरती की गई, अंत में सुंदरकांड पाठ के आयोजक द्वारा प्रसाद वितरण एवं श्रृंगार का सामान साथ ही समाज की नौ बहनों के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीएम के जन्मदिवस पर वृद्ध आश्रम में फल वितरण कर सेवा का संदेश

**दमोह।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में "अपना घर" वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों को फल वितरित कर उनके साथ समय बिताया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निरंतर प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उनके दीर्घायु



और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाते रहें और जनता की सेवा करते रहें। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा हमेशा सेवा, समर्पण और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती है और मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित बजाज "गोलू", जिला मंत्री भारत यादव देवकीनंदन पटेल रिंकू गोस्वामी सोनू यादव राकेश गुरु राजुल चौरहा विकाश जैन शिवेंद्र तिवारी हर्ष पटेल सीमान्त चौरसिया जुगल अग्रवाल वैभव पटेल आदित्य सिरोठिया उदित सोनी टीकाराम पटेल विधान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नवरात्रि पर फलों और फलाहारी वस्तुओं की बढ़ी मांग



**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर फलाहारी सामग्री एवं फलों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। व्रत-उपवास के चलते बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है, जिससे फल एवं अन्य फलाहारी वस्तुओं के दामों में तेजी देखी जा रही है। वर्तमान में फलों के दामों पर नजर डालें तो सेब 160-230 अंगूर 120 -140 रुपये प्रति किलो, संतरा 100-130 रुपये प्रति किलो, केला 50 - 70रुपये दर्जन, ककड़ी 40- 60 रुपये किलो, अनार 160-180 रुपये किलो, चीकू 70 -90 शकला 60 रुपये किलो तथा पपीता 50 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। मांग अधिक होने के कारण इनकी कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। फलाहारी सामग्री में भी तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से तेल, मूंगफली, साबूदाना, सिंघाड़े का आटा और राजगीरा के लड्डुओं की मांग बढ़ने से इनके दामों में इजाफा हुआ है। नवरात्रि के दौरान उपवास रखने वाले श्रद्धालु इन वस्तुओं का अधिक उपयोग करते हैं, जिससे बाजार में इनकी खपत बढ़ जाती है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, नवरात्रि के चलते हर वर्ष इस प्रकार की स्थिति बनती है, लेकिन इस बार मांग अपेक्षाकृत अधिक है। इसके पीछे मौसम, आपूर्ति में कमी और बढ़ती उपभोक्ता संख्या को मुख्य कारण माना जा रहा है।

# महिलाओं ने गरबा नृत्य कर की मां की अलौकिक आराधना....

## मां के जयकारों से गूंज उठा प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मां दुर्गा की भक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर उपकाशी हटा के इंद्रप्रस्थ चिल्ड्रन एकेडमी प्रांगण में आयोजक वीरेश अग्रवाल व थाना प्रभारी सुधीर बेगी के संरक्षण में बुधवार की रात्रि दो दिवसीय गरबा एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस महिलाओं बेटियों द्वारा आकर्षक परिधानों में साज सज्जा कर गरबा नृत्य कर मां



दुर्गा की भव्य आराधना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय गीत कर मां सरस्वती एवं भगवान श्रीराम की आकर्षक प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर भव्य गणेश वंदना के साथ गरबा नृत्य का प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात आदिशक्ति मां दुर्गा के भक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक जोरदार गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। इसी दौरान कार्यक्रम में महिलाओ द्वारा अपने अपने हाथों में खप्पर लेकर आकर्षक महाकाली गरबा नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी गई जिस दौरान समूचा प्रांगण सुगंधित धूप से महक उठा और उपस्थित हजारों दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा प्रांगण गूंज उठा जिससे उपस्थित श्रद्धालु दर्शकगण माता की भक्ति में लीन हो गए।

# शराब दुकान को बस्ती से बाहर करने कलेक्टर, एसपी एवं आबकारी विभाग को सौपा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हिण्डोरिया में मुख्य सड़क पर बस्ती के बीच धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट स्थापित एवं संचालित देशी-अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थापित करने के मुदद्दे को लेकर नगर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने दमोह जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर, एसपी एवं आबकारी विभाग के अधिकारी को स्मरण पत्र सौपा। इस सम्बंध में ज्ञापन मे बताया गया है कि नगर के वार्ड नंबर 09 में मुख्य सड़क पर आबादी के बीच स्थापित उक्त शराब दुकान नगर के अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक आबादी के बीच संचालित है। इसके आस-पास हनुमान जी का मंदिर, यादव समाज का दीवाला, मुस्लिम समाज की ईदगाह मस्जिद एवं हजरत बाबामेहबूब शाह की दरगाह भी स्थित है। साथ ही शराब दुकान के मुख्य गेट के सामने ही मात्र 10 फीट की दूरी पर नगर का एकमात्र मंगलम विवाह गार्डन भी है। उक्त शराब दुकान को बस्ती से बाहर हटाने के लिए 02 मार्च 2026 को थाना हिण्डोरिया एवं नायब तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर दमोह को एवं 19 मार्च 2026 शांति समिति के माध्यम से कलेक्टर को स्मरण पत्र थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय के माध्यम से सोपा गया था। इसी विषय को लेकर बुधवार को नगर के एक प्रतिनिधिमण्डल नें पुनः कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे को स्मरण पत्र सौपा गया।

ज्ञातव्य हो की इसके पूर्व भी कई बार उक्त शराब दुकान को बस्ती से बाहर संचालित करने के मुद्दे को लेकर नगर वासियों द्वारा अहिंसात्मक ढंग से सम्बंधितों को कई बार ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं। ज्ञापन में उक्त शराब दुकान ना हटाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डॉ.प्रिंस खटीक, राजा खान, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शेख असीम, एकता परिषद के जिला अध्यक्ष सुजात खान, मंजीत राज, रितिक साहु, साहब सिंह, भूपेन्द्र बौध्द, कपिल राज आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह का 28-29 मार्च को दमोह प्रवास

**दमोह।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह 28 एवं 29 मार्च को दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 28 मार्च शनिवार की रात्रि 11 बजे राज्यरानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में होगा। 29 मार्च रविवार को प्रातः 9:30 बजे डॉ. श्री सिंह बांदकपुर पहुंचकर भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. सिंह प्रातः 11:45 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे एकता चेतना समारोह में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2:50 बजे शालीमार-भुज एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आचार्य परमेष्ठी विधान का आयोजन

**कुण्डलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस चैत शुक्ल अष्टमी (तिथि अनुसार) 26 मार्च 2026 को प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, आचार्य परमेष्ठी विधान, अभिषेक ,शांतिधारा पूजन, विधान होगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना , पूज्य बड़े बाबा एवं आचार्य श्री की संगीतमय महाआरती होगी। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# माईसेम सीमेंट की नई पहलः दमोह के युवा अब बनेंगे 'सोलर सूर्य मित्र'

## पोस्टेरिटी फाउंडेशन के साथ मिलकर 80 युवाओं को दिया जाएगा सोलर तकनीक और सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से माईसेम सीमेंट कंपनी ने एक बड़ी पहल की है। कंपनी ने 'पोस्टेरिटी फाउंडेशन' के सहयोग से 'सोलर पीवी इंस्टालेशन टेक्नीशियन' एवं 'सॉफ्ट स्किल व पर्सनालिटी डेवलपमेंट' के तीन माह के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया। बुधवार को माईसेम सीमेंट के 'सक्षमता केंद्र' में आयोजित एक गरिमामयी समारोह




में इस शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टेक्निकल क्लस्टर हेड (सेंट्रल इंडिया) सुरेश चंद्र दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य ऊर्जा के नए स्त्रोतों का है और तकनीकी कौशल ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर एचआर हेड श्री विकास कुमार एवं कॉर्पोरेट सीएसआर हेड अजय कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और चयनित प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया।

### कठिन चयन प्रक्रिया से चुने गए 80 उम्मीदवार

इस सीएसआर (CSR) परियोजना के लिए कंपनी ने जमीनी स्तर पर प्रयास किए हैं। चम्पट पिपरिया, नरसिंहगढ़, मढ़िया गणेश, मुर्रा, झिरा और कल्याणपुर जैसे आसपास के दर्जनों गांवों में डोर-टू-डोर काउंसलिंग की गई। सैकड़ों आवेदकों में से योग्यता के आधार पर 80 उम्मीदवारों का चयन किया गया है, जिन्हें दो अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुः** तकनीकी ज्ञानः युवाओं को 'सोलर सूर्य मित्र' कोर्स के तहत सोलर पैनल इंस्टालेशन और रखरखाव की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

**व्यक्तित्व विकासः** तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ युवाओं के व्यवहारिक कौशल (Soft Skills) को भी निखारा जाएगा।

सर्टिफिकेशन व रोजगारः 3 महीने का कोर्स पूरा होने पर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे और युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने में मदद की जाएगी।

### आर्थिक विकास को मिलेगी गति

पोस्टेरिटी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे वर्तमान में 11 राज्यों में कौशल विकास का कार्य कर रहे हैं। माईसेम सीमेंट के सहयोग से दमोह के ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस पहल से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

# श्री धनुषधारी सरकार से भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

चैत्र नवरात्र पर्व श्री रामनवमीं आयोजन के क्रम में मडियादो में प्रसिद्ध श्री धनुषधारी की सरकार मंदिर से भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा निकली। भगवान श्री धनुषधारी की सरकार आकर्षक रथ में सवार होकर गाजे बाजे के साथ निकले। बुधवार शाम 4 बजे से शुरू हुई शोभायात्रा में श्रीराम जी के भक्त और युवा पूरे जोश और उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। बस स्टेंड पर शोभायात्रा के पँहुचने पर मुश्लिम बंधुओ ने पुष्पवर्षा पर लोगो का स्वागत कर मड़यिादो की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखा और गले मिलकर शुभकामनाएं दी। समाज की ओर से पुजारी पँडित ऋषि मिश्रा को नारियल भेंट कर भगवान की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में विजय भवन अखाड़ा के कलाकारों ने एक से एक करतब बाजी कर कला प्रदर्शन किया और





सलामी दी। बेंड बाजों और रामधुन मंडलियों और झांकियों के साथ चल समारोह जुलूस बस स्टैंड,बैरियर, हरदौल मंदिर, बड़ा बाजार होकर वापिस मंदिर पँहुचा, जगह जगह लोगो ने भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना की और शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया।

# वार्डों में गंदगी और मच्छरों का बढ़ता प्रकोप

## नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर इन दिनों गंदगी और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से जूझ रहा है। नगर परिषद की उदासीनता के चलते वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और नालियों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात यह हैं कि सड़कों पर तो नियमित झाड़ू लग रही है, लेकिन नालियों की सफाई महीनों से नहीं होने के कारण उनमें गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे बदबू और मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

नगर के विभिन्न वार्डों में कचरे का नियमित उठाव नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण जगह-जगह गंदगी के बड़े ढेर दिखाई दे रहे हैं। इन परिस्थितियों से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बीते दिनों नगर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विशेषकर वाट्सएप समूहों में नागरिकों ने अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।



नगरवासियों मनीष रैकवार आशीष, कमल का कहना है कि नगर परिषद द्वारा हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर कीटनाशक और ब्लिचिंग पाउडर की खरीद की जाती है, ताकि मच्छरों और कीटों से बचाव किया जा सके। इसके बावजूद पिछले लंबे समय से न तो नालियों में कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है और न ही फॉगिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। नागरिकों के अनुसार, पिछले लगभग तीन वर्षों से नगर में फॉगिंग मशीन का उपयोग नहीं हुआ है, जिससे मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिक रत्नेश जैन, ऋषभ साहू, और सोनू राय ने बताया कि नालियों में महीनों से गंदा पानी जमा है, जिससे मच्छरों का पनपना स्वाभाविक है। इसके अलावा सँदीपिनी विद्यालय के पास स्थित कचरा घर से उड़ने वाली गंदगी आसपास के स्कूल, महाविद्यालय, छात्रावास और घरों तक पहुंच रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं।



नगरवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई कराई जाए, कचरे का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए और फॉगिंग मशीन के माध्यम से नियमित कीटनाशक छिड़काव किया जाए। साथ ही, कचरा प्रबंधन व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता जताई गई है, ताकि नगर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके।

# आठवी बोर्ड में एमएलबी स्कूल की छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय दमोह की आठवी बोर्ड की छात्राओं ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित कर शाला का गौरव बढ़ाया है। संस्था का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवी की 90 छात्राओं में से बयासी छात्राएं, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। दो छात्राओं ने शत प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। एमएलबी दमोह की छात्रा कु. सांची नामदेव ने 87 प्रतिशत और कु. मोनिका राठौर में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अलावा कु साक्षी, कु रिया और कु तमन्ना में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की। उल्लेखनीय है राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से संस्था के शिक्षकों का छात्र हित में सराहनीय योगदान रहा है। माध्यमिक विभाग के देवेन्द्र राठौर, सपना जैन, कविता सोलंकी, खेमा अठया, उदय सिंह, वंदना जैन नें छात्राओं को लगातार प्रेरित किया। इस उपलब्धि पर डीईओ एस के नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, बीआरसी ललित रैकवार सहित शिक्षा क्षेत्र ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की है।

# गरीब दुकानदार पर दोहरी मारः दुकान में लाखों की चोरी, पुलिस पर अनदेखी के आरोप



**बनवार।** क्षेत्र के ग्राम नयागांव स्थित मौसीपुरा चौराहा पर एक गरीब दुकानदार की दुकान में हुई चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित दुकानदार ने चोरी की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वह 8माह से दर-दर भटकने को मजबूर है। जानकारी के अनुसार, नोहटा निवासी नरेंद्र रजक की हनुमान मंदिर के पास ऑटो पार्ट्स की छोटी दुकान है। 20 जुलाई 2025 की रात करीब 10 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। अगली सुबह जब दुकान खोली, तो गेट का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार, चोर दुकान से मोटरसाइकिल की बैटरी, बेयरिंग, फिल्टर, इंडिकेटर सेट, ऑयल, चेन पिन, टायर-ट्यूब समेत अन्य ऑटो पार्ट्स चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है, जो एक छोटे दुकानदार के लिए बड़ा नुकसान है। दुकानदार का आरोप है कि उसने पुलिस थाना में शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस जांच शुरू हुई और न ही चोरी का खुलासा हो सका। इससे नाराज पीड़ित ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित नरेंद्र रजक ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जल्द जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और उसे न्याय दिलाया जाए। एक ओर जहां गरीब दुकानदार अपनी मेहनत की कमाई गंवा चुका है, वहीं दूसरी ओर न्याय की आस में भटक रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है।

# पंचायत भवन दादपुर में बिजली कनेक्शन न होने के बावजूद 16 लाख बिजली बिल का थमाया नोटिस

## विद्युत विभाग की मनमानी से सरपंचों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा जनपद की 57 ग्राम पंचायतों पर 4 करोड़ 15 लाख का बिल बकाया हटा। हटा ब्लॉक में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां कनेक्शन चालू न होने के बावजूद कई ग्राम पंचायतों को लाखों रुपये के बिल थमाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार के नए नियमों के अनुसार, पंचायतों को खुद बिजली बिल चुकाना होगा, अन्यथा सरपंच-सचिवों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का दबाव है जिससे लोगों द्वारा निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के कयास लग रहे हैं। ऐसा ही एक मामला हटा ब्लॉक के हिनोता सेक्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दादपुर में सामने आया जहां ग्राम पंचायत भवन में कभी बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन ही नहीं किया गया और न ही ग्राम पंचायत द्वारा कभी कनेक्शन करने आवेदन दिया गया इसके बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा 16 लाख 51 हजार 731 रुपए दो कनेक्शन पर भुगतान करने का नोटिस ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच को जारी किया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत दादपुर के सचिव नहीं बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में विद्युत कनेक्शन नहीं है एवं गांव नल जल योजना का हेतु ट्रांसफार्मर कनेक्शन अलग है ग्राम पंचायत में आज तक बिजली जली ही नहीं है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा भुगतान किए जाने का नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुंवरपुर मैं रोजगार सहायक कमलेश पटेल ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत के अंतर्गत बिलाकला गांव आता है जहां पर ग्राम पंचायत भवन ही नहीं है इसके बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बिलाकला के नाम से डेढ़ लाख रुपए का बिजली बिल भुगतान किए जाने का बिल जारी किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रजपुरा में सचिन ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में स्टील लाइट लगे ही नहीं गई है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा 2 लाख 44 हजार बिजली बिल जमा करने का नोटिस थमाया गया। इस प्रकार हटा जनपद की 57 ग्राम पंचायतों में 4 करोड़ 15 लाख 80 हजार 860 यूपी का बिजली बिल बकाया बताया जा रहा है जिससे पंचायत के सरपंचों में विद्युत मंडल के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायतों के सचिव सरपंच परेशान होकर जनपद के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

### मीटर वाचक कर रहे फर्जी रीडिंग

इस प्रकार के मन माफिक बिजली बिल जारी किए जाने में गौर करने वाली बात है कि मीटर वाचक कर्मचारी मौके पर जाए बिना ही कागजों पर हर महीने फर्जी रीडिंग बनाकर विभाग को भेज रहे हैं, जिससे गलत बिल जेनरेट हो रहे हैं। इस बड़े घोटाले के बावजूद, स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, जो कि मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह सब प्रशासन द्वारा बिजली कंपनी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है। वही इस संबंध में हटा विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री राजेश सहाय से बात की तो उन्होंने बताया ग्राम पंचायतों भवनों के इस प्रकार बिल जारी होने की शिकायतें मिल रही है आपके द्वारा बताई गई ग्राम पंचायत की जांच कर जो भी दोषी होगा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

# मंदिर के आम रास्ते में बहता गंदा पानी

## रास्ते में भरे दूषित गंदे पानी में से निकल कर बड़ी देवी मंदिर पहुंचने को विवश हैं श्रद्धालु

**गैसाबाद।** नवरात्रि के पवित्र त्यौहार पर जहां एक ओर श्रद्धालु सुबह स्नान आदि करके पवित्र होकर मां का जल अभिषेक करने देवी मंदिरो में पहुंचते हैं। वही दूसरी ओर ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं



को बहुत ही गंदगी का सामना करना पड़ रहा है बड़ी देवी मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते में कुछ लोगों के घरों के नरदो का गंदा पानी आम रास्ता में फेल रहा है जिसके चलते श्रद्धालुओं को उसी गंदे पानी को लागते हुए मंदिर तक पहुंचना पड़ रहा है जिससे श्रद्धालु आपवित्र हो रहे हैं एवं उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अपने घर से स्नान आदि करके पवित्र होकर भक्तगण मां की पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें रास्ते में गंदगी का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनकी पवित्रता पर असर पड़ रहा है, ग्रामीणों ने हरिभूमि को बताया कि इसी वार्ड के निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं एवं इसी वार्ड के निवासी पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं लेकिन फिर भी इस वार्ड में आज भी साफ सफाई का अभाव बना हुआ है जो ग्राम विकास के खोखले वादे साबित कर रहा है ,लोगों का कहना है कि वैसे तो हम लोग साल भर जैसे तैसे अपना काम चला लेते हैं लेकिन कम से कम धार्मिक त्योहारों पर वार्ड की साफ सफाई होनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को बड़ी देवी माता मंदिर पहुंचने में गंदगी का सामना न करना पड़े, गौरतलब है कि नवमी के दिन पांडा के दिवाले भी इसी रास्ते से होकर निकलते हैं जिसमें जवारे भी साथ में होते हैं इस गंदे पानी के कारण श्रद्धालुओं को जवारे निकालने में भी आसुविधा होगी, आप तस्वीर में साफ देख सकते हैं कि किस तरह से माता मंदिर के सामने से गंदा पानी बह रहा है, जिसको पार करके श्रद्धालु मंदिर तक पहुंच रहे हैं, यही हाल ग्राम के बड़े जैन मंदिर बाले रास्ते पर बने हुए हैं जहां पर पंचायत की सीसी तो बनी हुई है लेकिन उसी सीसी रोड के आजू-बाजू की नालियां चोक होने के कारण लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर फैलता है जिससे मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण जनों ने पंचायत प्रशासन से धार्मिक स्थलों के पहुंच मार्ग की साफ सफाई कराये जाने की मांग की है।